तेरे मेरे बिच कन्हैया कैसी है तकरार भजन लिरिक्स

तेरे मेरे बिच कन्हैया,
कैसी है तकरार,
मैं सदा से हूँ तुम्हारा,
सांवरे सरकार,
तेरे भक्तों को सांवरिया,
तेरी है दरकार,
मैं सदा से हूँ तुम्हारा,
सांवरे सरकार।bd।

तर्ज – हम तुम्हारे थे प्रभु जी।

इस दुनिया में ढूंढ रहा हूँ,
कौन हमारा अपना,
बंद पड़े है सब दरवाजे,
जग है झूठा सपना,
तुझ बिन कोई नजर ना आए,
सांवरे सरकार,
तेरे मेरे बिच कन्हैंया,
कैसी है तकरार,
मैं सदा से हूँ तुम्हारा,
सांवरे सरकार।bd।

अपनी नजर से दूर ना करना,
तुम बिन कौन हमारा,
किया समर्पित जीवन तुझको,
तेरा एक सहारा,
हाथ दया का सिर पर रख दे,
सांवरे सरकार,
तेरे मेरे बिच कन्हैंया,
कैसी है तकरार,
मैं सदा से हूँ तुम्हारा,
सांवरे सरकार।bd।

किसे सुनाऊं किसे बताऊँ,
मज़बूरी ये मेरी,
'शिव-सुबोध' का हाथ पकड़ ले,
अब तेरे ही दर पे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी देखने के लिए अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

‘अमित’ को चरणों में रख लो,
सांवरे सरकार,
तेरे मेरे बिच कन्हैंया,
कैसी है तकरार,
मैं सदा से हूँ तुम्हारा,
सांवरे सरकार।bd।

तेरे मेरे बिच कन्हैया,
कैसी है तकरार,
मैं सदा से हूँ तुम्हारा,
सांवरे सरकार,
तेरे भक्तों को सांवरिया,
तेरी है दरकार,
मैं सदा से हूँ तुम्हारा,
सांवरे सरकार।bd।

Singer – Amit Chandak

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com